web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरूवार 19 दिसम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 81

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लखनऊ एयरपोर्ट पर 27 लाख का सोना पकड़ा गया

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम टीम ने 27 लाख रुपये के सोने के साथ दो लोगों को पकड़ा। शातिर ब्रीफकेस की बिडिंग में छोटे-छोटे टुकड़ों में करीब 680.00 ग्राम सेना छिपाकर लाए थे। दुबई से आई अंतरराष्ट्रीय उड़ान संख्या आइएक्स-194 से उतरने वाले दो यात्रियों से यह बरामदगी हुई है। सीमा शुल्क आयुक्त वेद प्रकाश शुक्ला के निर्देश पर उपायुक्त निहारिका लाखा और सहायक आयुक्त अजित कुमार किसपोट्टा के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। कस्टम दल ने मंगलवार को दुबई से आई फ्लाइट से उतरने वाले दिल्ली के सलमान के पास से 482.00 ग्राम और रायबरेली के फरहान इमरान के पास से 202.00 ग्राम विदेशी सोना पकड़ा। पकड़े गए सोने की कुल कीमत 26,94,960 रुपये है। सघन चेकिंग के बाद ब्रीफकेस को चेक किया गया। बीडिंग में लोहा छोटे-छोटे टुकड़ों ढालकर लाया जा रहा था।

### दोषी अक्षय की पुनर्विचार याचिका खारिज, फांसी बरकरार

**» निर्भया दुर्ष्कम मामला**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** निर्भया केस में सुप्रीम कोर्ट ने दोषी अक्षय की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस भानुमति की अगुआई वाली बेंच ने याचिका को खारिज करने का फैसला सुनाया। कोर्ट के इस फैसले के बाद उनके खिलाफ डेथ वॉरंज जारी होने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में दोषी के वकील को पूरा मौका दिया गया लेकिन दोषी के वकील ने कोई नई बात नहीं की है। जस्टिस भानुमति, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एएस बोपन्ना की पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दोपहर 1 बजे तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में ही इस प्रकरण के तीन हत्यारों के याचिका खारिज कर दी थी।

### जामिया हिंसा की जांच पर सुनवाई करेगी दिल्ली हाईकोर्ट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरोध में जामिया मिलिया इस्लामिया में हुई हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए एक तथ्यान्वेशी समिति के गठन की मांग करने को लेकर दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर गुरुवार को सुनवाई करेगी। याचिका में हिंसा में घायल लोगों को चिकित्सा सहायता देने की भी मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश डी.एन. पटेल और न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष इस मामले को पेश किया गया, जिन्होंने गुरुवार को इस मामले पर सुनवाई के लिए सहमति दी।

### पाक के संघर्षविराम उल्लंघन का भारतीय सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**श्रीनगर (आरएनएस)।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के सीमांत कुपवाड़ा जिले के कर्नाह सेक्टर में पिछले 24 घंटे के दौरान संघर्षविराम का उल्लंघन कर गोलाबारी की तथा अग्रिम चौकियों एवं रिहाइशी इलाकों को निशाना बनाया। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तानी सेना ने बगैर किसी उकसावे के कर्नाह सेक्टर में पिछले 24 घंटे के दौरान स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की तथा मोर्टार से गोले दागे। कर्नाह सेक्टर में हिमपात एवं सड़कों पर फिसलन होने के कारण पिछले एक सप्ताह से जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा हुआ है। भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान को मुंहतोड़ एवं करारा जवाब दिया तथा नियंत्रण रेखा के पार स्थित पाकिस्तानी चौकियों को निशाना बनाया। पाकिस्तान की गोलीबारी से तीन मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में मौजूद आतंकवादियों को सीमा पार घुसपैठ कराने के लिए पाकिस्तानी सेना इस प्रकार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही है।

## सीतारमण ने राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों से बजट पूर्व परामर्श किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय वित्त तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों (विधायिका के साथ) के वित्त मंत्रियों से बजट पूर्व परामर्श किया।




बैठक में गोवा, हरियाणा और पुडुचेरी के मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, दिल्ली, तमिलनाडु और त्रिपुरा के उप-मुख्यमंत्री तथा विभिन्न राज्यों के 17 वित्त मंत्रियों/मंत्रियों तथा केन्द्र सरकार के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में केन्द्रीय वित्त तथा कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी उपस्थित थे।

सीतारमण ने 'सहकारी संघवाद' के केन्द्र सरकार के दर्शन और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। राज्य सरकारों ने अपने विचार व्यक्त करने के लिए अवसर दिए जाने का स्वागत किया और विकास, निवेश, संसाधन आवश्यकता तथा राजकोषीय नीति पर अपने सुझाव दिए। राज्यों ने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राज्यों तथा केन्द्र के बीच सहयोग को मजबूत बनाने के उपायों पर भी सुझाव दिए।

वित्त मंत्री ने राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के सुझावों का स्वागत किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापनों पर उचित विचार किया जाएगा।

### एलओसी पर कभी भी बिगड़ सकती है स्थिति, रखनी होगी पूरी तैयारीः भारतीय सेना

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से लगी लाइन ऑफ कंट्रोल यानी एलओसी पर किसी भी वक्त स्थिति बिगड़ सकती है। सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने इस बात की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ऐसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। अगस्त में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद से सीमा पर पाकिस्तान की ओर से जारी सीजफायर उल्लंघन की घटनाओं के बीच जनरल रावत का यह बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, लाइन ऑफ कंट्रोल पर स्थिति कभी भी बिगड़ सकती है। हमें स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा।

सभी कॉमेंट्स देखेंअपना कॉमेंट लिखेंइससे पहले मंगलवार को एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में आर्मी चीफ ने कहा था कि पाकिस्तान को नियंत्रित करने की जरूरत नहीं है। सेना प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तान ऐसा देश है, जो खुद को ही खत्म करने की ओर आगे बढ़ रहा है। जनरल रावत ने कहा कि पाकिस्तान की स्थिति ऐसी है कि वह अपने आप ही अनियंत्रित हो रहा है।

## स्नातक छात्रा से दुष्कर्म में दो दोस्तों को 20-20 साल की सजा



**देहरादून (आरएनएस)।** स्नातक प्रथम वर्ष की नाबालिग छात्रा को शराब पिलाकर दुष्कर्म करने के आरोपी और उसके साथी को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए 20-20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोनों दोषियों पर 30-30 हजार रुपये का जर्माना लगाया गया है। इनमें दस-दस हजार रुपये पीड़िता को दिए जाएंगे। जुर्माना नहीं देने पर दोनों दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

शासकीय अधिवक्ता भरत सिंह नेगी ने बताया कि घटना प्रेमनगर थाना क्षेत्र में 29 सितंबर 2018 की है। स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा को उसके साथ पढ़ने वाली छात्रा ने घूमने के बहाने बुलाया। कहा कि वह अपने दोस्त प्रभात के साथ घूमने जा रही है। पीड़िता भी उसके साथ जाने को तैयार हो गई। इसपर प्रभात ने अपने दोस्त दिनेश को फोन कर बुलाया और बल्लूपुर चौक से पीड़िता, उसकी दोस्त और दोनों युवक दो दुपहिया से सुद्धोवाला स्थित एक कमरे में गए। वहां चारों ने शराब भी। पीड़िता को जब नशा हुआ तो उसकी दोस्त व प्रभात बाहर चले गए। इस दौरान दिनेश ने उसे कमरे में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता अपने घर पहुंची। उसने परिजनों को आपबीती बताई। पीड़िता के परिजन पहले उसकी दोस्त के पास और फिर प्रेमनगर थाने पहुंचे। वहां पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दिनेश (33) पुत्र पूरणचंद निवासी सुद्धोवाला और प्रभात (24) पुत्र डा. रविंद्र शर्मा निवासी इंजीनियर एंक्लेव फेज दो, शास्त्री नगर, वसंत विहार के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। दोनों को घटना के अगले दिन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिस कमरे से दुष्कर्म किया गया वहां से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के साथ ही डीएनए मिलान कराया गया। एफएसएल से इसकी पुष्टि होने पर पुलिस ने 14 दिसंबर 2018 को न्यायालय में पोक्सो और 120बी के तहत चार्जशीट दाखिल की।

## 2008 जयपुर सीरियल बम ब्लास्ट केस में कोर्ट ने 4 आरोपियों को दोषी करार दिया, 1 बरी

**जयपुर (आरएनएस)।** ग्यारह साल से चल रहे जयपुर बम ब्लास्ट केस में आज फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी माना है। एक को बरी कर दिया है। इन लोगों को सजा 20 दिसम्बर को सुनाई जा सकती है।



मिली जानकारी के अनुसार, जयपुर बम ब्लास्ट में आज पांच आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने निर्णय सुनाते हुए चार आरोपियों को दोषी करार दे दिया है। एक आरोपी मोहम्मद शहबाज हुसैन को दोषी नहीं माना है क्योंकि कोर्ट का कहना है कि वह जयपुर ही नहीं आया था। आपको बताते जाए कि 13 मई, 2008 को शहर के अंदर अलग-अलग जगहों पर 8 सिलसिलेवार धमाके हुए थे, जिनमें 80 लोगों की मौत हो गई थी और 176 घायल हो गए थे। जयपुर ब्लास्ट के दो अन्य आरोपियों को नई दिल्ली के बटला हाउस में 2008 में हुए एनकाउंटर में पुलिस ने मार गिराए थे। अजय कुमार शर्मा के कोर्ट ने आरोपियों मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजम, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सलमान को दोषी करार दिया है जबकि शाहबाज हुसैन को बरी कर दिया गया है। आपको बताते जाए कि पिछले एक साल में केस की सुनवाई तेज कर 1,296 गवाहों के बयान दर्ज किए गए और अभियोजन और बचाव पक्ष ने सवाल-जवाब भी किए।

## राजनाथ ने अमरीका के नौसैनिक अड्डों का दौरा किया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमरीका यात्रा के अवसर पर 17 दिसंबर को वहां के ओशियाना और नॉरफ्लाक्स नौसैनिक अड्डों का दौरा किया। इस यात्रा ने भारत और अमरीका के बीच मजबूत रक्षा साझेदारी के साथ ही दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच घनिष्ठ संबंधों पर भी प्रकाश डाला।



ओशियाना नौसैनिक अड्डे के दौरे के अवसर पर रक्षा मंत्री ने बोइंग मोबाइल फ्लाइट सिम्युलेटर और वहां खड़े एफ/ए 18 ई विमानों तथा उनकी उड़ानों का प्रदर्शन देखा। रक्षामंत्री के साथ गए भारतीय शिष्टमंडल ने नॉरफ्लाक्स में निमित्ज श्रेणी के विमान वाहक पोत यूएसएस ड्वाइट डी आइजनआवर ( सीवीएन 69) का मुआयना किया।

अमरीका में भारत के राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला, रक्षा सचिव डा. अजय कुमार तथा भारत सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी और ड्यूटी पर तैनात कई सैन्य अधिकारी भी इस अवसपर रक्षा मंत्री के साथ थे। भारतीय शिष्टमंडल का स्वागत अमरीकी रक्षा नीति विभाग के उपमंत्री डा जेम्स एंडर्सन, अमरीकी नौसेना के एंटलांटिक वायुसैन्य बल के रियर एडमिरल रॉय केली, नौसेना के अंतर्राष्ट्रीय अभियानों के उप सहायक मंत्री रियर एडमिरल फ्रांसिस मोर्ले और एनएएस ओशियाना के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन जॉन हेविट् ने किया।

उन्होंने इस अवसवर पर कहा कि उनकी यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच मजबूत रक्षा संबंधों को परिलक्षित करती है। उन्होंने उम्मीद जताई की निकट भविष्य में ये संबंध और प्रगाढ़ होंगे।

अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि ओशियाना नौसैनिक अड्डे और यूएसएस ड्वाइट डी आइजनहावर पर राजनाथ सिंह और भारतीय प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी से वे गौरवान्वित हुए हैं, भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करेगी।

भारत और अमरीका ने सैन्य अभ्यासों, रक्षा व्यापार और रक्षा आधिकारियों की परस्पर यात्राओं के माध्यम से रक्षा सहयोग को बनाए रखा है।

## 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' में हिस्सा लेने वाले युवाओं को रेल किराए में 50 प्रतिशत छूट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेल 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले युवाओं को यात्रा किराए में 50 प्रतिशत की छूट देगी। यह छूट केवल दूसरी श्रेणी/शयनयान के मूल किराए पर मिलेगी। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत एक राज्य से दूसरे राज्य की यात्रा करने वाले ऐसे युवा छूट के हकदार होंगे जिनकी कुल मासिक आय 5000 से ज्यादा नहीं है। यात्रा किराये में छूट का प्रावधान केवल सामान्य रेल गाड़ियों के लिए है। विशेष रेल गाड़ियों और विशेष सुविधाओं वाले रेल डिब्बों पर यह लागू नहीं होगा।



यात्रा की शुरूआत वाले स्थान से गन्तव्य स्थल तक 300 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा करने वालों को वापसी यात्रा के लिये मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के दूसरी श्रेणी/शयनयान के एक तरफ के किराये के भुगतान पर भी यह छूट दी जाएगी।

यह छूट विभिन्न राज्यों के संबंधित मानव संसाधन विकास विभाग के सचिव द्वारा रेलवे के निर्धारित प्रारूप में जारी प्रमाण पत्र दिखाए पर ही दी जाएगी। इच्छुक प्रतिभागियों को संबंधित रेलवे के अधिकृत अधिकारियों, मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक और मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक आदि के समक्ष यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जो उन्हें इसके बाद रेल किराये में छूट दिए जाने का आदेश जारी करेगा। इस आदेश के आधार पर संबंधित रेलवे स्टेशन मास्टर किराए में छूट देने की अनुमति देगा।

इस छूट का लाभ ऐसे लोग नहीं ले सकेंगे जिनकी यात्रा का खर्च केन्द्र या राज्य सरकारों, स्थानीय वैधानिक निकायों, निगमों या सार्वजनिक उपक्रमों और विश्वविद्यालयों द्वारा वहन किया जाता है।

यात्रा किराये में छूट केवल मूल किराये पर लागू होगी। रेल टिकट पर लगने वाले अतिरिक्त प्रभार, आरक्षण शुल्क तथा अन्य ऐसे शुल्कों पर छूट का प्रावधान नहीं है।

छूट से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत के लिए संबंधित रेल जोन के प्रमुख वाणिज्यिक प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है।

## उत्तर-पूर्वी दिल्ली में धारा 144, हिंसक झड़प के बाद पुलिस सतर्क

**» सीलमपुर-जफराबाद हिंसा**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) एनसीआर के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है. जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के आसपास हिंसक विरोध-प्रदर्शन के बाद मंगलवार (17 दिसंबर 2019) को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर-जफराबाद में लोग सड़क पर उतर आए. इलाके में जमकर पत्थरबाजी की गई. इसमें आमलों के साथ कई पुलिसकर्मियों के भी घायल होने की सूचना है. अब हालात को नियंत्रित करने के लिए उत्तर-पूर्वी जिले में धारा 144 लगा दिया गया है, ताकि एक साथ ज्यादा लोग इकट्ठा न हो सकें.

सीलमपुर में मंगलवार को हिंसा भड़कने के बाद दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा की माकूल व्यवस्था की है. किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस के जवानों ने बुधवार सुबह को हिंसा प्रभावित सीलमपुर इलाके में गश्त की. इस इलाके में भी मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन हुआ था जो कुछ ही देर में हिंसक हो गया था. ऐसे में पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है.

## भारतीय गुणवत्ता परिषद की ओर से उत्तराखंड में 20 को सम्मेलन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) 20 दिसम्बर को उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के रुद्रपुर में पीएचडी वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (पीएचडीसीसीआई) के सहयोग से अपना 11वां क्षेत्रीय गुणवत्ता सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। इस सम्मेलन का उद्घाटन उत्तराखंड के शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक करेंगे। भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। रुद्रपुर आरक्यूसी की थीम है 'गुणवत्ता के साथ उन्नत विनिर्माण, नवाचार और प्रौद्योगिकी से जुड़े ठोस कदम।' इस सम्मेलन का उद्देश्य कारोबार में गुणवत्तापूर्ण संस्कृति की विशिष्ट अहमियत के बारे में जागरूकता पैदा करना, संगठनों के कार्य-प्रदर्शन में निरंतर सुधार लाने एवं अभिनव प्रगति करने के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श करना एवं तकनीकी क्षेत्र में उद्योग 4.0 और भावी रखरखाव के तौर-तरीकों जैसी उल्लेखनीय प्रगति को साझा करना है। सम्मेलन के दौरान डिजिटल बदलाव के साथ विनिर्माण एवं आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) में मूल्यवर्द्धन करने, संगठन के गुणवत्ता की ओर अग्रसर होने के मानचित्रण और उद्योग 4.0 में नेतृत्व के लिए कौशल बढ़ाने और सतत नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण संस्कृति के लिए सहभागितापूर्ण रणनीतियों पर सत्र आयोजित किये जाएंगे।

## 18 वीं राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव बोर्ड की हुई बैठक

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 18 वीं राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव बोर्ड (एनएमएसएआरबी) की बैठक का आयोजन आज नीतिगत मुद्दों पर चर्चा, दिशानिर्देश और प्रक्रियाएं तय करने तथा राष्ट्रीय खोज और बचाव योजना की दक्षता का आकलन करने के लिए किया। भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक और एनएमएसएआरबी के अध्यक्ष के. नटराजन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न मंत्रालयों, एजेंसियों, सभी तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 48 बोर्ड सदस्यों ने भाग लिया। पहली बार एमएसएआर के तीन मजबूत घटक - सचिव (जहाजरानी मंत्रालय), सचिव (नागरिक उड्डयन मंत्रालय) और सचिव (मत्स्य विभाग) ने वार्षिक बैठक में भाग लिया।

एनएमएसएआरबी के अध्यक्ष ने अपने उद्घाटन भाषण में बोर्ड में तीन नए स्थायी सदस्यों के रूप में जहाजरानी मंत्रालय, पशुपालन विभाग, डेयरी और मतस्य पालन विभाग तथा राष्ट्रीय समुद्री सूचना सेवा केन्द्र को शामिल किए जाने का स्वागत किया। बैठक में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक के मछली पालन विभाग के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

के. नटराजन ने 4.6 मिलियन वर्ग किलोमीटर के विशाल भारतीय खोज एवं बचाव क्षेत्र में खोज एवं बचाव कार्यों में प्रभावी सुधार के लिए अन्य हितधारकों के साथ समन्वय बनाने में भारतीय तटरक्षक बल की विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मुंबई, चेन्नई तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारतीय तटरक्षक बल और स्वैच्छिक जहाज रिपोर्टिंग प्रणाली (आईएनडीएसएआर) द्वारा तत्काल खोज और बचाव के लिए घटना स्थल के करीब स्थित जहाजों को दूसरी ओर ले जाने के लिए स्थापित तीन मैरीटाइम रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन केंद्रों के महत्व का जिक्र किया। आईसीजी द्वारा अपनाई गई रोकथाम और तकनीक ने हाल के दिनों में आए कई चक्रवातों के दौरान समुद्र में किसी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं होने दिया।

नटराजन ने सभी हितधारकों की मदद से बचाव और राहत उपायों को और मजबूत तथा सक्षम बनाने की जरूरत पर जोर दिया।